7/C

for- H.O.S.
G.G.S.S.S.
NEW USMAN PUR
DELHI-53

15

गुरु तेग बहादुर का बचपन अनुच्छेद

गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जन्म 1 अप्रैल, 1621 को गुरु-के महल (अमृतसर) मे पिता गुरु हरगोबिंद और माता नानकी के घर हुआ। वह बचपन से ही बहुत शांत स्वभाव के थे। उनका हृदय बहुत दयालु और कोमल था। उनका स्वभाव बहुत ही विनम्र और आचरण बहुत सरल था गुरु हरगोबिंद साहिब जी गुरु तेग बहादुर से काफी प्रेम करते थे, "वह (तेग बहादुर) जन्म से ही दिव्य पहचान के साथ आए है।"

जब श्री हरगोबिंद साहिब जी को गुरु तेग बहादुर जी के जन्म के विषय मे पता लगा तो उस समय वे श्री अकाल तख्त साहिब मे थे, जहाँ से वे पाँच सिक्खो के साथ गुरु के महल गये और जब उन्होने बच्चे को देखा तभी जान लिया कि वह साधारण बच्चा नहीं है। छठे गुरु ने इस बच्चे के लिये कहा कि हमारा यह बच्चा एक बड़ा योगी, सन्यासी, सन्त और नायक बनेगा आदि

गुंजन

NAME - Gunjan / Class = VIII D